भारत, ईरान और सिंगापुर को जोड़ते हैं। ए (1) का भारतीय खंड पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग है और यह राजमार्ग बारहमासी सड़क संचार सुविधाएं प्रदान करता है। यह राजमार्ग नेपाल में रक्सौल के निकट राजमार्गों के साथ जुड़ा हुआ है। जहां तक रूट सं० ए(2) का संबंध है, यह रूट भारत के पहले से मौजूद है जिसका कुछ हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग का है और कुछ हिस्सा राज्य राजमार्ग का है। इनमें क्रमशः टनकपुर और मलगलिया के नजदीक भारत-नेपाल सीमा के पश्चिम और पूर्व की ओर के छोटी-छोटी दूरी के लुप्त मार्ग शामिल नहीं हैं। मलगलिया के निकट पूर्व की ओर के लुप्त मार्ग पर निर्माण कार्य पूरा होने वाला है और टनकपुर के निकट पश्चिम की ओर के लुप्त मार्ग का निर्माण-कार्य अभी शुरू किया जाना है। नेपाल स्थित एशियन राजमार्ग (2) इस समय रक्सौल के निकट भारत के साथ जुड़ा हुआ है।

बिहार की जल परिवहन योजनाएं

8480. **श्री राम विलास पासवान :** क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में कितनी जल परिवहन योजनाएं चल रही हैं;

(ख) ऐसी कितनी योजनायें कार्यान्वित की जा रही हैं; और

(ग) कितनी योजनाओं का सर्वेक्षण किया जा रहा है ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) अन्तर्देशीय जल परिवहन निदेशालय, पटना का क्षेत्रीय कार्यालय गंगा नदी पर पटना (बिहार) और गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) के बीच तथा कोलगोंग-कारागोला (बिहार) के बीच अन्तर्देशीय जल परिवहन सेवाएं चला रहा है।

बिहार में अन्तर्देशीय जल परिवहन का विकास करने से संबंधित कोई और विशेष योजना भारत सरकार के विचाराधीन नहीं है। फरक्का और इलाहाबाद के बीच नदी जलमार्ग का सर्वेक्षण कराने के अलावा उक्त जलमार्ग का इस बाबत अध्ययन कराने का भी प्रस्ताव है कि क्या इस मार्ग के बीच जल परिवहन सेवा चालू करना संभव है या नहीं। ये अध्ययन इसलिए कराए जा रहे हैं ताकि गंगा-भागीरथी-हुगली नदी समूह (हल्दिया से इलाहाबाद तक) को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा सके।

सोनपुर डिवीजन में नैमित्तिक मजदूर

8481. **श्री राम विलास पासवान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) पूर्वोत्तर रेलवे के सोनपुर डिवीजन में नैमित्तिक मजदूरों की संख्या कितनी है; और

(ख) उन नैमित्तिक मजदूरों की संख्या कितनी है जिन्हें स्थायी कर दिया गया है और उन्हें कितने वर्ष की सेवा के पश्चात् स्थायी किया गया है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

Transportation of Sugar from Nasik

8483. SHRIMATI PRAMILA DANDAVATE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) how many wagons of sugar left Nasik, Manmad, Shrirampur, Rahuri and Kopurgaon since January, 1981;